collegebatch.com

**Series E1GFH/3** **Set No. 2**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/3/2**

अनुक्रमांक / Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# इतिहास
# HISTORY

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 80

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **25 + 1** मानचित्र हैं । | (I) | *Please check that this question paper contains **25** printed pages **+ 1** Map.* |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.* |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (III) | *Please check that this question paper contains **34** questions.* |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.*** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.* |

collegebatch.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न–पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **21** तक बहुविकल्पीय (MCQ) प्रकार के **एक-एक** अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **22** से **27** तक अति लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के **तीन-तीन** अंकों के प्रश्न हैं । इन प्रश्नों के उत्तर 60 से 80 शब्दों की शब्द सीमा में लिखे जाने चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **28** से **30** तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **आठ-आठ** अंकों के प्रश्न हैं । इन प्रश्नों के उत्तर 300 से 350 शब्दों की शब्द सीमा में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **31** से **33** तक स्रोत-आधारित प्रश्न, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं । प्रत्येक **चार-चार** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** में प्रश्न संख्या **34** मानचित्र-आधारित **पाँच** अंकों का प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं । इस मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें ।*

*(viii)* *प्रश्न–पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, प्रत्येक खण्ड एवं प्रश्नों के साथ, जहाँ आवश्यक हैं, निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** ***21×1=21***

**1.** *आइन-ए-अकबरी* के मुख्य उद्देश्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

(i) *आइन-ए-अकबरी* अबुल फ़ज़ल ने लिखी थी ।

(ii) *आइन-ए-अकबरी* अकबर के साम्राज्य की झलक प्रस्तुत करती है ।

(iii) *आइन-ए-अकबरी* मुगल सैन्य शक्ति को उजागर करती है ।

(iv) *आइन-ए-अकबरी* मुगलों की इक़्ता प्रणाली का उल्लेख करती है ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (i), (ii) और (iv)

(b) (i), (ii) और (iii)

(c) (i), (iii) और (iv)

(d) (ii), (iii) और (iv)

collegebatch.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **five** Sections – **A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* *In **Section A** – Questions no. **1** to **21** are Multiple Choice (MCQ) type questions, carrying **1** mark each.*

*(iv)* *In **Section B** – Questions no. **22** to **27** are Short Answer (SA) type questions, carrying **3** marks each. Answers to these questions should not exceed 60 to 80 words.*

*(v)* *In **Section C** – Questions no. **28** to **30** are Long Answer (LA) type questions carrying **8** marks each. Answers to these questions should not exceed 300 to 350 words.*

*(vi)* *In **Section D** – Questions no. **31** to **33** are Source-based questions with three sub-questions of **4** marks each.*

*(vii)* *In **Section E** – Question no. **34** is Map-based question carrying **5** marks that includes the identification and location of significant test items. Attach the map with the answer book.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A

**(Multiple Choice Type Questions)** ***21×1=21***

**1.** Consider the following statements regarding the central purpose of the *Ain-i-Akbari* :

(i) *Ain-i-Akbari* was authored by Abu'l Fazal.

(ii) *Ain-i-Akbari* presented the vision of Akbar's empire.

(iii) *Ain-i-Akbari* highlighted the strength of the Mughal Army.

(iv) *Ain-i-Akbari* mentions the Iqta system of Mughals.

Choose the correct option :

(a) (i), (ii) and (iv)

(b) (i), (ii) and (iii)

(c) (i), (iii) and (iv)

(d) (ii), (iii) and (iv)

**2.** निम्नलिखित विकल्पों में से दिए गए मंदिर के चित्र की पहचान कीजिए ।



(a) हज़ार राम मंदिर (b) कैलाशनाथ मंदिर

(c) चिदम्बरम् मंदिर (d) बृहदेश्वर मंदिर

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **2** के स्थान पर है :*

कृष्णदेव राय विजयनगर साम्राज्य के निम्नलिखित में से किस वंश से संबंधित थे ?

(a) संगम (b) तुलुव

(c) सुलुव (d) अराविडू

**3.** विजयनगर साम्राज्य के जल संसाधनों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है ?

(a) कावेरी नदी विजयनगर में उत्तर-पूर्व दिशा की ओर बहती है ।

(b) विजयनगर में गजपति शासकों द्वारा तटबंधों का निर्माण किया गया था ।

(c) कमलापुरम् जलाशय का पानी एक नहर के माध्यम से 'राजकीय केन्द्र' तक ले जाया गया था ।

(d) हिरिया नहर सुलुव वंश के राजाओं द्वारा बनाई गई ।

**4.** मुगल भू-राजस्व संग्रह के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(i) *कणकुत* : अच्छी, मध्यम और निम्न स्तर पर फ़सलों का आकलन

(ii) *बटाई* : फ़सलों की कटाई, बोरों में भरना और आपसी रजामंदी से बँटवारा

(iii) *खेत बटाई* : बोने से पहले खेतों का बँटवारा

(iv) *लाँग बटाई* : राजा और ज़मींदारों के बीच फ़सल का बँटवारा

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (ii) और (iv) (b) (iii) और (iv)

(c) (i) और (ii) (d) (ii) और (iii)

collegebatch.com

**2.** Identify the given image of a temple from the following options :



(a) Hazara Rama Temple (b) Kailashnatha Temple

(c) Chidambaram Temple (d) Brihadeshwara Temple

***Note :*** *The following question is for the **Visually Impaired Candidates,** only in lieu of Q. No. **2** :*

Krishnadeva Raya belonged to which of the following dynasties of Vijayanagara Empire ?

(a) Sangama (b) Tuluva

(c) Saluva (d) Aravidu

**3.** Which of the following options is correct about the water resources of the Vijayanagara Empire ?

(a) River Kaveri flows in Vijayanagara towards north-easterly direction.

(b) Embankments were built by Gajapati rulers in Vijayanagara.

(c) Kamalapuram tank's water was conducted through a channel to the 'Royal Centre'.

(d) Hiriya Canal was built by the kings of Saluva dynasty.

**4.** Which of the following are correct about Mughal Land Revenue Collection ?

(i) *Kankut* : Estimation of crops as good, middle and inferior

(ii) *Batai* : Crops were reaped, sacked and divided by agreement

(iii) *Khet Batai* : Division of fields before they were sown

(iv) *Lang Batai* : Division of crops among Kings and Zamindars

Choose the correct option :

(a) (ii) and (iv) (b) (iii) and (iv)

(c) (i) and (ii) (d) (ii) and (iii)

**5.** भारत में चार्ल्स कॉर्नवालिस द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी राजस्व प्रणाली लागू की गई ?

(a) ज़मींदारी व्यवस्था (b) महलवारी व्यवस्था

(c) रैयतवारी व्यवस्था (d) मालगुज़ारी व्यवस्था

**6.** भक्ति संत कराइक्कल अम्मइयार के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

(i) वह कर्नाटक की एक महिला भक्त थी ।

(ii) वह एक महिला नयनार थी ।

(iii) वह शिव भक्त थी ।

(iv) उन्होंने *नलयिरा दिव्यप्रबंधम्* की रचना की ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (ii) और (iv) (b) (iii) और (iv)

(c) (i) और (iii) (d) (ii) और (iii)

**7.** मार्को पोलो निम्नलिखित में से किस देश से संबंधित था ?

(a) इटली (b) पुर्तगाल

(c) स्पेन (d) फ्रांस

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा बौद्ध साहित्य ***नहीं*** है ?

(a) *विनय पिटक* और *सुत्त पिटक*

(b) *दीपवंश* और *महावंश*

(c) *जातक* कथाएँ और *अशोकवदान*

(d) *उत्तराध्यायन सूत्र* और *तत्त्वार्थ सूत्र*

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे प्राचीन राजवंश है ?

(a) मौर्य (b) गुप्त

(c) कुषाण (d) कण्व

collegebatch.com

**5.** Which one of the following revenue systems was implemented by Charles Cornwallis in India ?

(a) The Zamindari System (b) The Mahalwari System

(c) The Ryotwari System (d) The Malguzari System

**6.** Which of the following statements are correct about the Bhakti saint, Karaikkal Ammaiyar ?

(i) She was a woman devotee from Karnataka.

(ii) She was a woman Nayanar.

(iii) She was a devotee of Shiva.

(iv) She composed *Nalayira Divyaprabandham*.

Choose the correct option :

(a) (ii) and (iv) (b) (iii) and (iv)

(c) (i) and (iii) (d) (ii) and (iii)

**7.** Which of the following countries did Marco Polo belong to ?

(a) Italy (b) Portugal

(c) Spain (d) France

**8.** Which of the following is ***not*** a literature of Buddhism ?

(a) *Vinaya Pitaka* and *Sutta Pitaka*

(b) *Dipavamsa* and *Mahavamsa*

(c) *Jataka* Stories and *Ashokavadana*

(d) *Uttaradhyayana Sutra* and *Tattvartha Sutra*

**9.** Which one of the following is the oldest dynasty ?

(a) Maurya (b) Gupta

(c) Kushana (d) Kanva

collegebatch.com

**10.** सिंधु घाटी सभ्यता के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

(i) आरंभिक और विकसित हड़प्पा संस्कृतियों के निर्वाह के तरीके समान थे ।

(ii) सिंधु घाटी सभ्यता के स्थलों में से एक में बाजरा पाया गया ।

(iii) पुरातत्त्वविदों को कालीबंगा में जुताई वाले खेत के प्रमाण मिले हैं ।

(iv) पुरातात्त्विक-प्राणिविज्ञानियों ने जले हुए अनाजों से आहार की आदतों का पुनर्निर्माण किया है ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (i), (ii) और (iv)  (b) (ii), (iii) और (iv)

(c) (i), (ii) और (iii)  (d) (i), (iii) और (iv)

**11.** निम्नलिखित विकल्पों में से "सुश्रुत संहिता" के विषय की पहचान कीजिए :

(a) नक्षत्र पर कार्य

(b) गणित पर कार्य

(c) औषधि पर कार्य

(d) व्याकरण पर कार्य

**12.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R) । निम्नलिखित को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* हड़प्पा सभ्यता ने विनिमय बाटों की एक सूक्ष्म प्रणाली विकसित की ।

*कारण (R) :* धातु से बने तराजू के पलड़े पाए गए ।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

collegebatch.com

**10.** Read the following statements about the Indus Valley Civilization :

(i) Early and mature Harappan culture shared subsistence strategies.

(ii) Millets have been found from one of the Indus Valley Civilization sites.

(iii) Archaeologists have found evidences of a ploughed field at Kalibangan.

(iv) Archaeo-zoologists reconstructed dietary practices from charred grains.

Choose the correct option :

(a) (i), (ii) and (iv)  (b) (ii), (iii) and (iv)

(c) (i), (ii) and (iii)  (d) (i), (iii) and (iv)

**11.** Identify the theme of "Sushruta Samhita" from the following options :

(a) Work on Constellation

(b) Work on Mathematics

(c) Work on Medicine

(d) Work on Grammar

**12.** Two statements as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and select the correct option :

*Assertion (A) :* Harappan Civilization had developed a precise system of weights and measures.

*Reason (R) :* Metal scale-pans have been found.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

collegebatch.com

**13.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

(i) बर्नियर के विवरण ने पन्द्रहवीं शताब्दी के पश्चिमी विचारकों को प्रभावित किया ।

(ii) मोंटेस्क्यू ने बर्नियर के वृत्तांत का प्रयोग प्राच्य निरंकुशता के विचार के लिए किया ।

(iii) बर्नियर के विचार को कार्ल मार्क्स ने एशियाई उत्पादन प्रणाली की अवधारणा विकसित करने के लिए किया ।

(iv) बर्नियर के अनुसार, मुगल शाही दरबार ग्रामीण समुदायों की अध्यक्षता करता था ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (i), (ii) और (iii)

(b) (ii), (iii) और (iv)

(c) (i), (iii) और (iv)

(d) (i), (ii) और (iv)

**14.** 1857 के विद्रोह में लखनऊ से किसने नेतृत्व किया ?

(a) आलमगीर

(b) बिरजिस क़द्र

(c) नाना साहिब

(d) पेशवा बाजीराव

**15.** निम्नलिखित चीनी बौद्ध भिक्षुओं में से कौन पाँचवीं शताब्दी (ई.) में भारत आया था ?

(a) ह्वेन-त्सांग

(b) फा-हियान

(c) आई-त्सिंग

(d) यिजिंग

**13.** Read the following statements :

(i) Bernier's description influenced Western theorists from the fifteenth century onwards.

(ii) Montesquieu used this account to develop the idea of oriental despotism.

(iii) Bernier's idea was developed as the Asiatic mode of production by Karl Marx.

(iv) According to Bernier, the Mughal Imperial Court presided over village communities.

Choose the correct options :

(a) (i), (ii) and (iii)

(b) (ii), (iii) and (iv)

(c) (i), (iii) and (iv)

(d) (i), (ii) and (iv)

**14.** Who led the Revolt of 1857 from Lucknow ?

(a) Alamgir

(b) Birjis Qadr

(c) Nana Sahib

(d) Peshwa Baji Rao

**15.** Who among the following Chinese Buddhist monks visited India in the fifth century (CE) ?

(a) Xuan Zang

(b) Fa Xian

(c) I-Tsing

(d) Yijing

collegebatch.com

**16.** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

कार्यपालिका को __________ में प्रांतीय विधायिका के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार बनाया गया था ।

(a) मोर्ले-मिंटो सुधार, 1909

(b) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट, 1919

(c) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट, 1935

(d) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

**17.** निम्नलिखित में से प्राचीन भारत के शासकों का सही कालक्रम कौन-सा है ?

(i) चन्द्रगुप्त मौर्य

(ii) अजातशत्रु

(iii) महापदम् नंद

(iv) अशोक

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (i), (ii), (iii), (iv)

(b) (ii), (iv), (iii), (i)

(c) (iii), (ii), (i), (iv)

(d) (ii), (iii), (i), (iv)

**18.** निम्नलिखित में से कौन संविधान सभा के अध्यक्ष थे ?

(a) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

(b) महात्मा गाँधी

(c) सरदार पटेल

(d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

collegebatch.com

**16.** Fill in the blank :

In the __________, the executives were made entirely responsible to the Provincial Legislature.

(a) Morley-Minto Reforms, 1909

(b) Government of India Act, 1919

(c) Government of India Act, 1935

(d) Indian Independence Act, 1947

**17.** Which of the following is the correct chronology of the rulers of ancient India ?

(i) Chandragupta Maurya

(ii) Ajatashatru

(iii) Mahapadma Nanda

(iv) Ashoka

Choose the correct option :

(a) (i), (ii), (iii), (iv)

(b) (ii), (iv), (iii), (i)

(c) (iii), (ii), (i), (iv)

(d) (ii), (iii), (i), (iv)

**18.** Who among the following was the President of the Constituent Assembly ?

(a) Dr. B.R. Ambedkar

(b) Mahatma Gandhi

(c) Sardar Patel

(d) Dr. Rajendra Prasad

collegebatch.com

**19.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R) । निम्नलिखित को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* जलियाँवाला बाग हत्याकांड ने स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ चिह्नित किया ।

*कारण (R) :* नरसंहार ने अंग्रेज़ों के साथ संबंधों को खराब किया और भारतीय राष्ट्रवाद के प्रति गाँधीजी की प्रतिबद्धता की एक शुरुआत हुई ।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

**20.** 'रिकार्डो का सिद्धांत' निम्नलिखित में से किस पहलू से संबंधित था ?

(a) सामाजिक

(b) राजनीतिक

(c) आर्थिक

(d) सांस्कृतिक

**21.** निम्नलिखित जानकारी की सहायता से 1857 के विद्रोह के इस नेता की पहचान कीजिए :

- वह दिल्ली का शासक था
- वह आख़िरी मुगल शासक था
- अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ उन्होंने ही 1857 के विद्रोहियों को वैधता प्रदान की

(a) बहादुर शाह ज़फर

(b) शाह आलम

(c) मुहम्मद शाह

(d) वाजिद अली शाह

**19.** Two statements as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and select the correct option :

*Assertion (A) :* The Jallianwala Bagh massacre marked a turning point in India's struggle for independence.

*Reason (R) :* The massacre spoiled the relations with the British and was the opening of Gandhiji's commitment to Indian nationalism.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**20.** With which of the following aspect was the 'Ricardian theory' related ?

(a) Social

(b) Political

(c) Economic

(d) Cultural

**21.** Identify the leader of the Revolt of 1857 with the help of the following information :

- Was the ruler of Delhi
- Was the last Mughal ruler
- Gave legitimacy to the rebels of 1857 against the British

(a) Bahadur Shah Zafar

(b) Shah Alam

(c) Muhammad Shah

(d) Wajid Ali Shah

collegebatch.com

## खण्ड ख

### (लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) *6×3=18*

**22.** (क) "छठी और चौथी शताब्दी ई.पू. के बीच मगध सबसे शक्तिशाली महाजनपद बना ।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) "छठी शताब्दी ई.पू. से उप-महाद्वीप में कई शहरी केन्द्र उभरे ।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए । *3*

**23.** इतिहासकारों ने एक ग्रंथ के रूप में *महाभारत* का विश्लेषण करते समय जिन पहलुओं को समझा, उनकी व्याख्या कीजिए । *3*

**24.** भारत में अल-बिरुनी के किन्हीं तीन अनुभवों का वर्णन कीजिए । *3*

**25.** (क) "विजयनगर साम्राज्य में विरुपाक्ष मंदिर महत्त्वपूर्ण था ।" इस कथन को सिद्ध कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) "विट्ठल मंदिर की स्थापत्यकला अनूठी थी ।" इस कथन को सिद्ध कीजिए । *3*

**26.** भारत को एकीकृत राष्ट्र बनाने के लिए जी.बी. पंत ने संविधान सभा में अपनी चिंता कैसे दिखाई ? स्पष्ट कीजिए । *3*

**27.** 1857 के विद्रोह की तस्वीरें भारतीयों की भावनाओं और अहसासों को किस प्रकार प्रतिबिंबित करती हैं ? स्पष्ट कीजिए । *3*

## खण्ड ग

### (दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) *3×8=24*

**28.** (क) "बुद्ध के जीवनकाल में और उनकी मृत्यु के बाद बौद्ध धर्म का विकास बहुत तेजी से हुआ ।" उदाहरणों के साथ कथन की व्याख्या कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) "पौराणिक हिन्दू धर्म के विकास को दर्शन, मूर्तियों और मंदिरों के माध्यम से समझा जा सकता है ।" उदाहरणों सहित कथन की व्याख्या कीजिए । *8*

collegebatch.com

## SECTION B

**(Short-Answer Type Questions)** *6×3=18*

**22.** (a) "Between the sixth and fourth centuries BCE, Magadha became the most powerful Mahajanapada." Explain the statement with examples. *3*

**OR**

(b) "Several urban centres emerged in the sub-continent from the sixth century BCE." Explain the statement with examples. *3*

**23.** Explain the elements historians have analyzed to understand *Mahabharata* as a text. *3*

**24.** Describe any three experiences of Al-Biruni in India. *3*

**25.** (a) "Virupaksha Temple was significant in Vijayanagara Empire." Substantiate the statement. *3*

**OR**

(b) "The architecture of Vitthala temple was unique." Substantiate the statement. *3*

**26.** How did G.B. Pant show his concern in the Constituent Assembly for making India a unified nation ? Explain. *3*

**27.** How do the images of the Revolt of 1857 reflect the emotions and feelings of Indians ? Explain. *3*

## SECTION C

**(Long-Answer Type Questions)** *3×8=24*

**28.** (a) "Buddhism grew rapidly both during the lifetime of the Buddha and after his death." Explain the statement with examples. *8*

**OR**

(b) "Growth of Puranic Hinduism can be understood through its philosophy, sculptures and temples." Explain the statement with examples. *8*

collegebatch.com

**29.** (क) अलवार और नयनार के दर्शन का वर्णन कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) सिख धर्म के दर्शन और शिक्षाओं का वर्णन कीजिए । *8*

**30.** (क) 1930 – 34 के दौरान भारत में गाँधीजी के कार्यों का विश्लेषण कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) "1922 तक गाँधीजी ने भारतीय राष्ट्रवाद को बदल दिया ।" इस कथन की परख कीजिए । *8*

## खण्ड घ

## (स्रोत-आधारित प्रश्न) *3×4=12*

**31.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+1+2=4*

**पुरावस्तुओं की पहचान कैसे की जाती है**

भोजन तैयार करने की प्रक्रिया में अनाज पीसने के यंत्र तथा उन्हें आपस में मिलाने, मिश्रण करने तथा पकाने के लिए बरतनों की आवश्यकता थी । इन सभी को पत्थर, धातु तथा मिट्टी से बनाया जाता था । यहाँ एक महत्त्वपूर्ण हड़प्पा स्थल मोहनजोदड़ो में हुए उत्खननों पर सबसे आरंभिक रिपोर्टों में से एक से कुछ उद्धरण दिए जा रहे हैं :

अवतल चक्कियाँ ... बड़ी संख्या में मिली हैं ... और ऐसा प्रतीत होता है कि अनाज पीसने के लिए प्रयुक्त ये एकमात्र साधन थीं । साधारणत: ये चक्कियाँ स्थूलत: कठोर, कंकरीले, अग्निज अथवा बलुआ पत्थर से निर्मित थीं और आमतौर पर इनसे अत्यधिक प्रयोग के संकेत मिलते हैं । चूँकि इन चक्कियों के तल सामान्यतया उत्तल हैं, निश्चित रूप से इन्हें ज़मीन में अथवा मिट्टी में जमा कर रखा जाता होगा जिससे इन्हें हिलने से रोका जा सके । दो मुख्य प्रकार की चक्कियाँ मिली हैं । एक वे हैं जिन पर एक दूसरा छोटा पत्थर आगे-पीछे चलाया जाता था, जिससे निचला पत्थर खोखला हो गया था, तथा दूसरी वे हैं जिनका प्रयोग संभवत: केवल सालन या तरी बनाने के लिए जड़ी-बूटियों तथा मसालों को कूटने के लिए किया जाता था । इन दूसरे प्रकार के पत्थरों को हमारे श्रमिकों द्वारा "सालन पत्थर" का नाम दिया गया है तथा हमारे बावर्ची ने एक यही पत्थर रसोई में प्रयोग के लिए संग्रहालय से उधार माँगा है ।

(अर्नेस्ट मैके, *फर्दर एक्सकैवेशन्स एट मोहनजोदड़ो*)

(31.1) पुरातत्त्वविद अपनी खोजों को कैसे वर्गीकृत करते हैं ? *1*

(31.2) पुरातत्त्वविद प्राचीन पुरावस्तुओं को समझने के लिए वर्तमान समय की वस्तुओं की तुलना कैसे करते हैं ? *1*

(31.3) अर्नेस्ट मैके ने अपनी पुस्तक में 'अवतल चक्की' का वर्णन किस प्रकार किया था ? *2*

collegebatch.com

**29.** (a) Describe the philosophy of Alvars and Nayanars. *8*

**OR**

(b) Describe the philosophy and teachings of Sikhism. *8*

**30.** (a) Analyze Gandhi's activities in India during 1930 – 34. *8*

**OR**

(b) 'By 1922, Gandhi had transformed Indian nationalism'. Examine the statement. *8*

## SECTION D

### (Source-Based Questions) *3×4=12*

**31.** Read the given source and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**How artefacts are identified**

Processing of food required grinding equipment as well as vessels for mixing, blending and cooking. These were made of stone, metal and terracotta. This is an excerpt from one of the earliest reports on excavations at Mohenjodaro, the best-known Harappan site :

Saddle querns ... are found in considerable numbers ... and they seem to have been the only means in use for grinding cereals. As a rule, they were roughly made of hard, gritty, igneous rock or sandstone and mostly show signs of hard usage. As their bases are usually convex, they must have been set in the earth or in mud to prevent their rocking. Two main types have been found: those on which another smaller stone was pushed or rolled to and fro, and others with which a second stone was used as a pounder, eventually making a large cavity in the nether stone. Querns of the former type were probably used solely for grain; the second type possibly only for pounding herbs and spices for making curries. In fact stones of this latter type are dubbed "curry stones" by our workmen and our cook asked for the loan of one from the museum for use in the kitchen.

(From Ernest Mackay, *Further Excavations at Mohenjodaro*)

(31.1) How do archaeologists classify their finds ? *1*

(31.2) How do archaeologists use present day analogies to understand ancient artefacts ? *1*

(31.3) How has Ernest Mackay described 'Saddle quern' in his book ? *2*

collegebatch.com

**32.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+1+2=4*

**पेड़ों और खेतों की सिंचाई**

यह *बाबर नामा* से लिया गया एक अंश है जो सिंचाई के उन उपकरणों के बारे में बताता है जो इस बादशाह ने उत्तर भारत में देखे :

हिंदुस्तान के मुल्क का ज़्यादातर हिस्सा मैदानी ज़मीन पर बसा हुआ है । हालाँकि यहाँ शहर और खेती लायक ज़मीन की बहुतायत है, लेकिन कहीं भी बहते पानी (का इंतज़ाम) नहीं... वे इसलिए... कि फ़सल उगाने या बागानों के लिए पानी की बिलकुल ज़रूरत नहीं है । शरद ऋतु की फ़सलें बारिश के पानी से ही पैदा हो जाती हैं; और ये हैरानगी की बात है कि बसंत ऋतु की फ़सलें तो तब भी पैदा हो जाती हैं जब बारिश बिलकुल ही नहीं होती । (फिर भी) छोटे पेड़ों तक बालटियों या रहट के ज़रिए पानी पहुँचाया जाता है...

लाहौर, दीपालपुर (दोनों ही आज के पाकिस्तान में) और ऐसी दूसरी जगहों पर लोग रहट के ज़रिए सिंचाई करते हैं । वे रस्सी के दो गोलाकार फंदे बनाते हैं जो कुएँ की गहराई के मुताबिक लंबे होते हैं । इन फंदों में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर वे लकड़ी के गुटके लगाते हैं और इन गुटकों पर घड़े बाँध देते हैं । लकड़ी के गुटकों और घड़ों से बँधी इन रस्सियों को कुएँ के ऊपर पहियों से लटकाया जाता है । पहिए की धुरी पर एक और पहिया । इस अंतिम पहिए को बैल के ज़रिए घुमाया जाता है; इस पहिए के दाँत पास के दूसरे पहिए के दाँतों को जकड़ लेते हैं और इस तरह घड़ों वाला पहिया घूमने लगता है । घड़ों से जहाँ पानी गिरता है, वहाँ एक संकरा नाला खोद दिया जाता है और इस तरीके से हर जगह पानी पहुँचाया जाता है ।

आगरा, चाँदवर और बयाना (आज के उत्तर प्रदेश में) में और ऐसे अन्य इलाकों में भी, लोगबाग बालटियों से सिंचाई करते हैं । कुएँ के किनारे पर वे लकड़ी के कन्ने गाड़ देते हैं, इन कन्नों के बीच बेलन टिकाते हैं, एक बड़ी बालटी में रस्सी बाँधते हैं, रस्सी को बेलन पर लपेटते हैं और इसके दूसरे छोर को बैल से बाँध देते हैं । एक शख़्स को बैल हाँकना पड़ता है, दूसरा बालटी से पानी निकालता है ।

(32.1) मुगल काल में कृषि के विस्तार के लिए उत्तरदायी कारकों की परख कीजिए । *1*

(32.2) सिंचाई की सुविधाओं के विस्तार ने किसानों की भागीदारी किस प्रकार बढ़ाई ? *1*

(32.3) कृषिक संस्कृति में प्रयुक्त होने वाले सिंचाई उपकरणों की परख कीजिए । *2*

collegebatch.com

**32.** Read the given source and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

## Irrigating trees and fields

This is an excerpt from the *Babur Nama* that describes the irrigation devices the emperor observed in northern India :

> The greater part of Hindustan country is situated on level land. Many though its towns and cultivated lands are, it nowhere has running waters ... For ... water is not at all a necessity in cultivating crops and orchards. Autumn crops grow by the downpour of the rains themselves; and strange it is that spring crops grow even when no rains fall. (However) to young trees water is made to flow by means of buckets or wheels ...
>
> In Lahore, Dipalpur (both in present-day Pakistan) and those other parts, people water by means of a wheel. They make two circles of rope long enough to suit the depths of the well, fix strips of wood between them, and on these fasten pitchers. The ropes with the wood and attached pitchers are put over the wheel-well. At one end of the wheel-axle a second wheel is fixed, and close to it another on an upright axle. The last wheel the bullock turns; its teeth catch in the teeth of the second (wheel), and thus the wheel with the pitchers is turned. A trough is set where the water empties from the pitchers and from this the water is conveyed everywhere.
>
> In Agra, Chandwar, Bayana (all in present-day Uttar Pradesh) and those parts again, people water with a bucket ... At the well-edge they set up a fork of wood, having a roller adjusted between the forks, tie a rope to a large bucket, put the rope over a roller, and tie its other end to the bullock. One person must drive the bullock, another empty the bucket.

(32.1) Examine the factor that accounted for the expansion of agriculture in Mughal Period. *1*

(32.2) How did the expansion of irrigation facilities increase the participation of farmers ? *1*

(32.3) Examine the irrigation devices used in agrarian culture. *2*

collegebatch.com

**33.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+1+2=4*

**दिनाजपुर के जोतदार**

बुकानन ने बताया है कि उत्तरी बंगाल के दिनाजपुर ज़िले के जोतदार किस प्रकार ज़मींदार के अनुशासन का प्रतिरोध और उसकी शक्ति की अवहेलना किया करते थे :

> भूस्वामी इस वर्ग के लोगों को पसंद नहीं करते थे, लेकिन यह स्पष्ट है कि इन लोगों का होना बहुत ज़रूरी था क्योंकि इनके बिना, ज़रूरतमंद काश्तकारों को पैसा उधार कौन देता...
>
> *जोतदार*, जो बड़ी-बड़ी ज़मीनें जोतते हैं, बहुत ही हठीले और जिद्दी हैं और यह जानते हैं कि ज़मींदारों का उन पर कोई वश नहीं चलता । वे तो अपने राजस्व के रूप में कुछ थोड़े से रुपए ही दे देते हैं और लगभग हर किस्त में कुछ-न-कुछ बक़ाया रक़म रह जाती है । उनके पास उनके पट्टे की हकदारी से ज़्यादा ज़मीनें हैं । ज़मींदार की रक़म के कारण, अगर अधिकारी उन्हें कचहरी में बुलाते थे और उन्हें डराने-धमकाने के लिए घंटे-दो-घंटे कचहरी में रोक लेते हैं तो वे तुरंत उनकी शिकायत करने के लिए फ़ौज़दारी थाना (पुलिस थाना) या मुन्सिफ़ की कचहरी में पहुँच जाते हैं और कहते हैं कि ज़मींदार के कारिंदों ने उनका अपमान किया है । इस प्रकार राजस्व की बक़ाया रक़मों के मामले बढ़ते जाते हैं और जोतदार छोटे-छोटे रैयत को राजस्व न देने के लिए भड़काते रहते हैं...

(33.1) दिनाजपुर के ज़मींदारों का जोतदारों ने विरोध क्यों किया ? *1*

(33.2) जोतदारों ने रैयतों को किस प्रकार भड़काया ? *1*

(33.3) जोतदार गाँव में किस प्रकार शक्तिशाली बने ? *2*

collegebatch.com

**33.** Read the given source and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**The *jotedars* of Dinajpur**

Buchanan described the ways in which the *jotedars* of Dinajpur in North Bengal resisted being disciplined by the zamindar and undermined his power :

> Landlords do not like this class of men, but it is evident that they are absolutely necessary, unless the landlords themselves would advance money to their necessitous tenantry ...
>
> The *jotedars* who cultivate large portions of lands are very refractory, and know that the zamindars have no power over them. They pay only a few rupees on account of their revenue and then fall in balance almost every *kist* (instalment), they hold more lands than they are entitled to by their *pottahs* (deeds of contract). Should the zamindar's officers, in consequence, summon them to the *cutcherry*, and detain them for one or two hours with a view to reprimand them, they immediately go and complain at the Fouzdarry Thanna (police station) for imprisonment and at the munsiff's (a judicial officer at the lower court) *cutcherry* for being dishonoured and whilst the causes continue unsettled, they instigate the petty *ryots* not to pay their revenue consequently ...

(33.1) Why did jotedars resist the Zamindars of Dinajpur ? *1*

(33.2) How did Jotedars instigate the ryots ? *1*

(33.3) How did jotedars gain power in the village ? *2*

collegebatch.com

## खण्ड ङ

## (मानचित्र-आधारित प्रश्न) *5*

**34.** (34.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27 पर) में, निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) कन्नौज – अशोक के अभिलेख

(ii) राखीगढ़ी – विकसित हड़प्पा पुरास्थल

(iii) (क) अजमेर – मुगलों के अधीन क्षेत्र

**अथवा**

(iii) (ख) मैसूर – एक साम्राज्य

(34.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर दो स्थानों को A और B से अंकित किया गया है, जो 1857 में अंग्रेज़ों के अधीन क्षेत्रों से संबंधित हैं । उनको पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए । *2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **34** के स्थान पर हैं :*

(34.1) भारत में किन्हीं दो बौद्ध स्थलों के नाम लिखिए । *2*

(34.2) (क) मुगल साम्राज्य के अधीन किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए । *1*

**अथवा**

(34.2) (ख) मुगल साम्राज्य के किसी एक राजधानी नगर का नाम लिखिए । *1*

(34.3) 1857 के विद्रोह के किन्हीं दो केन्द्रों के नाम लिखिए । *2*

collegebatch.com

## SECTION E

## (Map-Based Questions) *5*

**34.** (34.1) On the given political outline map of **India** (on page 27), locate and label the following with appropriate symbols : *3×1=3*

(i) Kannauj – Ashokan Inscription

(ii) Rakhigarhi – Mature Harappan site

(iii) (a) Ajmer – Territory under control of Mughals

**OR**

(iii) (b) Mysore – An empire

(34.2) On the same political outline map of **India**, two places related to British control in 1857 are marked as A and B. Identify them and write their names on the lines drawn near them. *2*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates,*** *only in lieu of Q. No.* ***34*** *:*

(34.1) Name any two Buddhist sites in India. *2*

(34.2) (a) Name any one territory under Mughal empire. *1*

**OR**

(34.2) (b) Name any one capital city of the Mughal Empire. *1*

(34.3) Name any two centres of the Revolt of 1857. *2*

प्रश्न सं. 34 के लिए

For question no. 34

